हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 5 जून 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा



04 महिलाओं के साथ करते थे रैकी, सीसीटीवी ...





07 कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम...




## पार्वती परियोजना में पानी भरने की प्लानिंग का हो रहा विरोध

# डैम में पानी स्टोरेज की तैयारी, किसानों की बढ़ी चिंता, डूबेंगे कई रास्ते व मंदिर

### 1815 करोड़ की योजना 2022 से है तैयार, वैकल्पिक रास्ते और विस्थापन का काम अब भी अधूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



हरिभूमि एक्सक्लूसिव

नरसिंहगढ़ जल संसाधन विभाग द्वारा महत्वाकांक्षी पार्वती (रेसई) परियोजना डेम में पानी भरने की तैयारी ने सीहोर जिले के सीमावर्ती गांवों के किसानों और ग्रामीणों की धडक़नें बढ़ा दी हैं। यह वृहद सिंचाई परियोजना वैसे तो वर्ष 2022 में ही पूरी हो चुकी है, लेकिन प्रभावित ग्रामीणों को अब तक वैकल्पिक रास्ता न दिए जाने और विस्थापन की प्रक्रिया अधूरी होने के कारण विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। ग्रामीणों का साफ कहना है कि बिना पूरी तैयारी के पानी रोकना उनके हक पर चोट करने जैसा है। इस संवेदनशील मामले को लेकर जल संसाधन विभाग नरसिंहगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने चर्चा के दौरान बताया कि विभाग अभी केवल 6 मीटर (सेफ लेवल) तक ही पानी भरने की योजना बना रहा है। पानी को फिलहाल नदी के दायरे के भीतर ही सीमित रखा जाएगा। अधिकारी का दावा है कि जब तक प्रभावित किसानों के लिए वैकल्पिक रास्तों का पक्का इंतजाम नहीं हो जाता, तब तक पानी को बाहर नहीं निकलने दिया जाएगा। केवल 6 मीटर पानी भरने से मंदिरों और किसानों को खेतों तक जाने में कोई व्यावहारिक परेशानी नहीं आएगी।

### दावा: 6 मीटर पानी से भी बंद होंगे 50-60 खेतों के मार्ग

दूसरी ओर नरसिंहगढ़ विभाग के इन दावों को सीहोर के प्रभावित किसान पूरी तरह खारिज कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि महज 6 मीटर पानी भरने से ही चांदबड़ जागीर, महुआखेड़ा और मगरदीखुर्द के करीब 50 से 60 किसानों के खेतों तक पहुंचने वाले रास्ते जलमग्न हो जाएंगे। इसके अलावा मानपुरा, रावतखेड़ा, आछारोही, मरेठी, भैरुपुरा और चरनाल के खेतों के पहुंच मार्ग भी बंद होने की कगार पर हैं। ग्रामीणों ने एक गंभीर विसंगति की ओर इशारा करते हुए बताया कि मगरदीखुर्द गांव जो कि तकनीकी रूप से डूब क्षेत्र से बाहर है, वहां भी पानी भराव के बाद आवागमन पूरी तरह ठप हो जाएगा। इस रास्ते का सर्वे तो पूरा हो चुका है, लेकिन प्रशासन ने नया रास्ता अब तक बनाकर नहीं दिया है।

### चार प्रमुख मंदिर और विस्थापितों का मुआवजा अधर में

परियोजना के इस जलभराव की जद में क्षेत्र की धार्मिक आस्था के केंद्र भी आ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार चांदबड़ जागीर का प्रसिद्ध हनुमान मंदिर, पार्वती नदी ग्वालगढ़ स्थित हनुमान मंदिर, महुआखेड़ा का हनुमान मंदिर और रावतखेड़ा का श्रीराम मंदिर 6 मीटर पानी भरते ही डूब क्षेत्र में आ जाएंगे, जिनका मुआवजा अब तक नहीं दिया गया है। इसके अतिरिक्त जो किसान पूर्ण रूप से विस्थापित हो रहे हैं, उन्हें वर्तमान तक मकान और आईडी की राशि प्राप्त नहीं हुई है और न ही उन्हें नए भूखंड प्लॉट आवंटित किए गए हैं। ग्रामीणों की मांग है कि जब तक यह मूलभूत कार्य पूर्ण नहीं होते, तब तक डेम में पानी रोकने की प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाई जाए। इस गंभीर समस्या को लेकर अब ग्रामीण जल्द ही विधायक सुदेश राय व कलेक्टर बालागुरू के. से मिलकर इस समस्या से अवगत कराएंगे।

### एक नजर में पार्वती परियोजना

यह परियोजना मध्य प्रदेश के सीहोर और राजगढ़ जिलों के लिए एक महत्वपूर्ण जल आपूर्ति योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य 48,000 हेक्टेयर कृषि भूमि को पाइप सिंचाई प्रणाली के माध्यम से रबी फसलों गेहूं, चना, तिलहन के लिए पानी देना है।

- कुल लागत: 1815 .54 करोड़
- जल ग्रहण क्षेत्र: 3150 वर्ग किलोमीटर
- कुल डूब क्षेत्र: 3041 .36 हेक्टेयर (जिसमें सीहोर जिले की 901 .53 हेक्टेयर निजी भूमि शामिल है)
- प्रभावित गांव: कुल 41 गांव प्रभावित हैं। इनमें राजगढ़ के 2 और सीहोर श्यामपुर तहसील के 2 गांव पूर्ण डूब में हैं, जबकि राजगढ़ के 19 और सीहोर के 18 गांव आंशिक रूप से डूब के दायरे में आते हैं।
- लाभार्थी क्षेत्र: ब्यावरा, नरसिंहगढ़, पचोर, सीहोर और भोपाल का बेरसिया क्षेत्र।

## खबर संक्षेप में

### झंडा सम्मेलन का आयोजन 10 जून को

**नलखेड़ा।** श्री संकट मोचन हनुमान झंडा मंडली द्वारा नगर में भव्य झंडा सम्मेलन का आयोजन आगामी 10 जून को किया जा रहा है। सम्मेलन में शामिल होने वाली सभी झंडा मंडलियों को पुरुस्कार भी प्रदान किये जायेंगे। श्री संकट मोचन हनुमान झंडा मंडली द्वारा आगामी 10 जून को गोविंदपुरा स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य झंडा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार झंडा सम्मेलन में लगभग 100 से अधिक झंडा मंडली के आने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक झंडा मंडली को निर्धारित मार्ग पर भ्रमण करना होगा एवं नगर के तीन प्रमुख स्थानों घाटी ऊपर किले के दरवाजे, चौक बाजार एवं शिवाजी मार्ग पर मंच से भजनों की प्रस्तुति देना होगी। इसके साथ ही सम्मेलन स्थल श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर पर भी प्रस्तुति दी जाएगी। यही प्रत्येक झंडा मंडली को पुरुस्कार प्रदान किये जायेंगे। इस अवसर पर भंडारे का आयोजन भी होगा। झंडा सम्मेलन की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है।

### भैसोदा में श्री राम कथा का आयोजन 7 जून से

**नलखेड़ा।** तहसील के ग्राम भैसोदा में श्री राम कथा का नव दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम 7 जून से प्रारंभ होगा। कथा व्यास पंडित आशीष शर्मा बांसखेड़ी द्वारा अपने मुखारविंद से भक्तों को कथा का श्रवण करवाया जाएगा। ग्राम भैसोदा में श्री बालाजी पाटीदार समाज धर्मशाला में रविवार से नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का धार्मिक आयोजन प्रारंभ होगा। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से प्रभु इच्छा तक कथा व्यास पंडित आशीष शर्मा बांसखेड़ी द्वारा अपने मुखारविंद से भक्तों को कथा का रसपान करवाया जाएगा। रविवार को कथा प्रारंभ होने से पूर्व प्रातः 9:00 बजे ग्राम में भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। समस्त ग्राम वासियों द्वारा श्रद्धालु भक्तों से आयोजित कथा का लाभ उठाने का आग्रह किया गया है।



### बरसात से पहले नालियों की सफाई, कचरा न फेंकने की अपील

**सीहोर।** मानसून से पहले ग्राम पंचायत श्यामपुर में नालियों की सफाई का अभियान तेज कर दिया गया है। क्षेत्रीय विधायक सुदेश राय की मंशानुरूप और जनपद पंचायत सीहोर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नमिता बघेल के मार्गदर्शन में सरपंच नवीन चौहान के नेतृत्व में जेसीबी से गांव की नालियों से गाद और कचरा निकाला जा रहा है। चित्र में साफ दिख रहा है कि नालियों से भारी मात्रा में प्लास्टिक, पन्नी और कचरा निकला है। सरपंच नवीन चौहान ने ग्रामीणों से अपील की कि बरसात में नालियां जाम न हों इसके लिए घर का कचरा, पन्नी, प्लास्टिक आदि नालियों में न फेंकें। ग्राम पंचायत द्वारा गांव में निरंतर कचरा वाहन चलाया जा रहा है। घर-घर से कचरा उठाकर उसी में डालें, जिससे गांव स्वच्छ रहे।

# महज आधे घंटे की बारिश में ही हुआ जल भराव

### वर्षाकाल में स्थिति हो सकती है विकराल



**नलखेड़ा।** नगर के शिवाजी मार्ग में मात्र आधा घंटे की वर्षा से जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई। वर्षाकाल में यहां स्थिति विकराल हो सकती है। इस समस्या की ओर नगर पंचायत को तत्काल ध्यान देकर इसका निदान करना चाहिए। नगर में बुधवार रात्रि एवं गुरुवार सायं हुई आधा आधा घन्टे की वर्षा से नगर के वार्ड क्रमांक 13 के शिवाजी मार्ग में जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके कारण रहवासियों को आने जाने में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यदि थोड़े समय और वर्षा होती तो संभव है कि कुछ घरों में भी पानी भर जाता।

रहवासियों के अनुसार शिवाजी मार्ग में एक बड़ा नाला है उसकी समुचित सफाई की आवश्यकता है। गौरतलब है कि यहाँ शिवाजी मार्ग के पानी के साथ ही इससे लगे जंगल का भी कुछ पानी बह कर आता है। नगर पंचायत को उक्त समस्या की ओर वर्षाकाल के पूर्व ही ध्यान देकर इसके निदान के लिए आवश्यक कदम उठाने की आवश्यकता है अन्यथा वर्षाकाल में जल भराव की यह स्थिति विकराल रूप धारण कर सकती है। नाले की शिवाजी मार्ग से गुप्तेश्वर महादेव मंदिर तक की समुचित सफाई की जाना चाहिए। पूर्व में सफाईकर्मी इस नाले में उतरकर सफाई करते थे लेकिन अब केवल ऊपर से ही सफाई की जाती है जिससे आशंका है कि नाले में कचरा अथवा गाद जमी हुई हो जिसे साफ करना अतिआवश्यक है।



# भाजपा मंडल धरोला की बैठक सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर भारतीय जनता पार्टी मंडल धरोला की बैठक सम्पन्न हुई। मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह चंद्रावत की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर 5 से 21 जून तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के सम्बंध में विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही अन्य पार्टी कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री रामेश्वर तेजरा, युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी सुनील पाटीदार सहित मंडल पदाधिकारी एवं अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संविदा कर्मचारी हड़ताल पर, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रही। जिले के संविदा कर्मचारियों ने नियमित कार्यों का बहिष्कार कर टाउन हाल के समक्ष धरना दिया। हड़ताल के चलते स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ रहा है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में कई जरूरी सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

संविदा स्वास्थ्यकर्मियों ने हड़ताल के दूसरे दिन हाथ में झाड़ू लेकर स्वच्छता अभियान चलाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान शासन के खिलाफ जमकर नारे भी लगाए। करीब 502 से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारियों ने एक साथ हड़ताल की है। जिससे करीब 176 से अधिक केन्द्र में अव्यवस्था हो गई है। कर्मचारियों के अनुसार, हड़ताल की वजह से एएनसी पंजीयन, टीकाकरण, जन्म प्रमाण पत्र जारी करने और ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कार्य प्रभावित हो रहे हैं। विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के संचालन पर भी असर पड़ा है। हड़ताल के कारण एनसीडी, टीबी, हाइपरटेंशन और डायबिटीज से पीड़ति मरीजों को नियमित दवाइयां मिलने में कठिनाई हो रही है। इसके अलावा सीएम हेल्पलाइन से जुड़े मामलों के निराकरण का कार्य भी प्रभावित बताया जा रहा है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का कहना है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, लेकिन उनकी मांगों पर लंबे समय से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो राजधानी भोपाल में प्रदर्शन किया जाएगा। कर्मचारियों का कहना है कि मांगों के निराकरण में देरी के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं, इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।



# सोशल मीडिया वॉरियर्स अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

मध्य प्रदेश सोशल मीडिया विभाग के निर्देशन में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग द्वारा सोशल मीडिया वॉरियर एक कैंपेन जारी किया गया। जिसको लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय सीहोर में बुधवार, जून को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

जिसमें विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष सोशल मीडिया विभाग प्रज्ञा फिलिप्स प्रभारी सीहोर उपस्थित रहीं। प्रज्ञा फिलिप्स ने उपस्थित पत्रकारबन्धुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के युवाओं, जागरूक नागरिकों एवं सोशल मीडिया पर सक्रिय प्रभावशाली व्यक्तियों (इन्फ्लुएंसर्स) को संगठन से जोडऩे के उद्देश्य से एक व्यापक एवं महत्वाकांक्षी अभियान 'सोशल मीडिया वॉरियर्स का शुभारंभ किया गया है।

इस अभियान के तहत प्रदेश, जिला एवं विधानसभा स्तर पर सोशल मीडिया वॉरियर्स का चयन किया जाएगा। सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया अभियान का मुख्य उद्देश्य संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों में आस्था रखने वाले मध्य प्रदेश के नागरिकों को कांग्रेस की विचारधारा से जोडऩा तथा वर्तमान राजनीतिक संघर्ष में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस पहल के माध्यम से युवाओं को कांग्रेस संगठन से जुडऩे का सरल, पारदर्शी एवं सहज अवसर प्रदान किया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत समाज के विभिन्न रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े राइटर्स, डिज़ाइनर्स, वीडियो एडिटर्स, कार्टूनिस्ट, कवि, लेखक, ब्लॉगर्स, मोटिवेशनल स्पीकर्स, सोशल वर्कर्स तथा मनोरंजन जगत से जुड़े लोक कलाकारों को भी कांग्रेस की विचारधारा के साथ जोडऩे का प्रयास किया जाएगा। संगठन में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से देश एवं प्रदेश हित में कार्य करने के इच्छुक सभी नागरिकों को इसमें समान अवसर मिलेगा।

# जैन समाज की धर्मपरायण महिला भूरीबेन तिलगोता का निधन

## अंतिम यात्रा में शामिल हुए बड़ी संख्या में नागरिक

### समाज द्वारा संघ माता की पदवी से विभूषित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जैन समाज नलखेड़ा की वरिष्ठ धर्मपरायण सुश्राविका तथा नगर के प्रसिद्ध वस्त्र व्यवसाई स्व. सागरमल तिलगोता की धर्मपत्नी व राजेश तिलगोता की पूज्य माताजी चन्द्रकला तिलगोता का अरिहंत शरणं हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा 4 जून गुरुवार को प्रातः 10 बजे उनके स्वनिवास, दाल मिल परिसर से निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों तथा समाजजनों, रिश्तेदारों ने भाग लेकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

नगर के प्रतिष्ठित तिलगोता परिवार तथा जैन समाज की आदर्श, त्याग की प्रतिमूर्ति, धर्मनिष्ठ, सुश्राविका चन्द्रकला तिलगोता जोकि नगर सहित समाज व साधु साध्वियों के बीच में भूरीबेन के नाम से प्रसिद्ध थी। जिनका पूरा जीवन ही तप, त्याग और तपस्या मैं ही बीता। वह ऐसी पुण्य आत्मा थी जिन्होंने जब तक शरीर ने साथ दिया वह प्रतिदिन मंदिरजी में परमात्मा की पूजा अर्चना करने के लिए जाती रही। 1 जून को भी वहां मंदिर में पूजा आराधना करने के लिए गई थी। जहां प्रतिदिन उन्हें परमात्मा की पूजा तथा अभिषेक , आराधना में लगभग 2 घंटे लगते थे।

भूरीबेन तिलगोता नगर के प्रतिष्ठित चौधरी परिवार के स्वर्गीय भेरुलाल जी चौधरी की पुत्री थी। जिनके त्याग मय तथा ममता मय जीवन को लेकर जैन समाज द्वारा उन्हें गुरु भगवंतो के सानिध्य में संघ माता की पदवी प्रदान कर उन्हें अलंकृत किया गया था। तिलगोता परिवार में वहां वट वृक्ष थी जिनकी छांव में पूरा परिवार फल फूल रहा था। उनकी एक पोती संयमी तिलगोता सी. ए. द्वारा तीन वर्ष पूर्व नगर में जैन भगवती दीक्षा अंगीकार की थी। जो की साध्वी सिद्धम पूर्णा श्रीजी के नाम से जैन धर्म का परचम फैला रही है। तिलगोता का स्वास्थ्य 2 जून को खराब होने से उन्हें परिवार जनों द्वारा इंदौर ले जाया गया था जहां 3 जून रात्रि को उनका निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 जून गुरुवार को स्वनिवास, दाल मिल परिसर से निकाली गई। मुक्तिधाम पर उनके पुत्र तथा परिवार जनों द्वारा मुखाग्नि दी गई। मुक्तिधाम पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विहिप के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष गिरिराज पुरोहित,भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक लोढ़ा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रेम राठौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम भालोट, श्वेतांबर जैन समाज नलखेड़ा के प्रशांत सकलेचा, कुशल मुनोट, रवि सकलेचा ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रीमती तिलगोता अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है।



## नवीन तहसील परिसर को सुंदर बगीचे में किया तब्दील

# सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारी ने कार्यालय को बनाया सुंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

सेवानिवृत्ति के बाद कार्यालय को हरा-भरा और खुशनुमा बनाने का यह प्रयास बेहद सराहनीय है, पेड़-पौधे न केवल पर्यावरण को शुद्ध करते हैं, बल्कि कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा और मानसिक शांति भी लाते हैं।

ऐसा ही प्रयास करीब 2018 में सेवानिवृत्त हुए रईस भाई मंसूरी का है। जिन्होंने राजस्व निरीक्षक धीरेन्द्र वर्मा के सहयोग से नवीन तहसील परिसर अपने अथक प्रयास से परिसर को इतनी भीषण गर्मी में कार्यालय परिसर मे अति सुंदर गार्डन विकसित किया, रईस मंसूरी सेवा निवृत है पर अपना अधिकांश समय बगीचे को सुंदर बनाने में देते है। उनके कार्य की हर तरफ तरीफ हो रही है।



उनका कहना है कि वह पुरानी तहसील में भी पौधा रोपण आदि समय-समय पर करते आ रहे है, अब पुरानी तहसील के पास जबसे नवीन तहसील का निर्माण किया गया है, वह कुछ समय निकालकर अपने खर्च पर यहां पर पौधा रोपण आदि गतिविधि करते है, उनके लगाए पौधे और फूल आदि यहां पर आने वाले लोगों को सुकून प्रदान कर रहे है। श्री मंसूरी ने कहाकि पहले सरकारी नौकरी के माध्यम से समाज की सेवा की। अब तन मन से पेड़-पौधों की सेवा कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भारतीय वायु सेना में हिंद फौज सैनिक निधि भगत का चयन

**देवास।** हिंद फौज के लिए गौरव का विषय बनते हुए सैनिक निधि भगत का चयन भारतीय वायु सेना (एयर फॉर्स) में हुआ है। इस उपलब्धि पर हिन्द फौज परिवार द्वारा निधि भगत एवं उनकी माता का स्वागत एवं सम्मान किया गया। हिन्द फौज कमांडर सीएसएम जितेंद्र गोस्वामी ने बताया कि निधि भगत ने भारतीय वायु सेना में भर्ती होकर यह सिद्ध कर दिया है कि हिन्द फौज के सैनिक देश की तीनों सेनाओं- थल सेना, जल सेना और वायु सेना- में शामिल होकर राष्ट्र सेवा के लिए सदैव तैयार हैं। उन्होंने कहा कि निधि की सफलता अन्य युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग से जावेद पठान, हिन्द फौज संचालक सुरेश शर्मा, कुमेर सिंह वर्मा, दीपिका बोरीवाल, हिन्द फौज शिक्षा संचालक श्रीजा अग्रवाल एवं रवि अग्रवाल, हिन्द फौज रक्तदान संचालक सीमा गिरी एवं विकास गिरी, व मोना तिवारी, हिन्द फौज एथलेटिक प्रशिक्षक संचालक ताशीन शेख, हिन्द फौज एथलेटिक संचालक सृजनिका लोखंडे, अजय दायमा, आरती दायमा, हिन्द फौज सैनिक शुभम सोनी, तनुजा धार सहित अनेक पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने निधि भगत को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रामकिशोर महाराज का स्वागत किया

**देवास।** राम स्नेही संप्रदाय मेड़ता धाम से देवास पधारे पीठाधीश्वर श्रीश्री 108 स्वामी रामकिशोर महाराज का मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा आत्मीय स्वागत कर आशीर्वचन लिए गए। महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा कि देवासवासियों का असीम प्रेम है जो मुझे देवास आना पड़ा। देवास मेरा हृदय स्थल है। मां चामुंडा सेवा समिति द्वारा वर्षों से जो मानव सेवा की जा रही है, वह अनुकरणीय है।

ऑपरेशन त्रिनेत्रम में दो सूने मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

# महिलाओं के साथ करते थे रैकी, सीसीटीवी फुटेज से सुराग, 12.50 लाख का माल जब्त

गिरफ्तार आरोपियों में जयंत मीणा और आकाश उर्फ शूटर के विरुद्ध पहले से कई आपराधिक प्रकरण है दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में लगातार हो रही चोरी की वारदातों के बीच देवास पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली थाना क्षेत्र में सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी की दो बड़ी घटनाओं को अंजाम देने वाले संगठित गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से करीब 12 लाख 50 हजार रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, हीरे के जेवर, लैपटॉप, घड़ियां, नकदी सहित वारदात में प्रयुक्त कार और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा जिले में चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा चोरी गए माल की बरामदगी के लिए सभी थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई दो चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी श्यामचन्द्र शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।




### जबलपुर गए परिवार के घर को बनाया पहला निशाना

पहली घटना 27 से 29 मई के बीच सिविल लाइन क्षेत्र स्थित एलआईजी-78 निवासी आदेश कुमार उइके के मकान में हुई। आदेश उइके अपने परिवार के साथ पारिवारिक कार्य से जबलपुर गए हुए थे। 29 मई को पड़ोसी ने उन्हें घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। वापस लौटकर उन्होंने देखा कि अज्ञात चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुस गए थे और अलमारी के लॉकर में रखे डायमंड मंगलसूत्र, डायमंड ईयरिंग, दो टाइटन घड़ियां तथा करीब पांच हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए थे। मामले में कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की।

### ईद मनाने गए परिवार के घर भी की चोरी

दूसरी घटना 31 मई को कर्मचारी कॉलोनी निवासी वसीम शेख के घर में सामने आई। वसीम शेख अपने परिवार के साथ ईद-उल-अजहा का त्योहार मनाने उज्जैन गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी का लॉकर तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण, नकदी, लैपटॉप एवं अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। इस मामले में भी कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की।

### सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

दोनों घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने घटनास्थलों और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जांच के दौरान एक ईयोन कार संदिग्ध रूप से दोनों क्षेत्रों में घूमती दिखाई दी। फुटेज में आरोपी चोरी के बाद उसी कार से भागते हुए भी नजर आए। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों की पहचान की और उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में जयंत मीणा, आकाश उर्फ शूटर, चेतना सोलंकी और चिंकी उर्फ प्रिया ने चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गया संपूर्ण माल बरामद कर लिया गया।

### कॉलोनियों व आवासीय क्षेत्रों में घूमते थे

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह चोरी से पहले महिलाओं को कार में बैठाकर कॉलोनियों और आवासीय क्षेत्रों में घूमता था। महिलाओं की मौजूदगी के कारण लोगों को उन पर संदेह नहीं होता था। आरोपी सूने मकानों की पहचान कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखते थे और मौका मिलते ही वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस का मानना है कि गिरोह ने अन्य क्षेत्रों में भी चोरी की घटनाएं की हो सकती हैं, जिनकी जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण, हीरे का मंगलसूत्र, हीरे की बालियां, एक आसुस कंपनी का लैपटॉप, घड़ियां, 22 हजार रुपये नकद सहित कुल 12 लाख 50 हजार रुपये का मशरूका बरामद किया है। इसके अलावा वारदात में प्रयुक्त ईयोन कार और चार मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।

### पुराने अपराधी निकले आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में जयंत मीणा और आकाश उर्फ शूटर के खिलाफ पहले से कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। जयंत पर चोरी के कई मामले दर्ज हैं, जबकि आकाश पर चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट और मारपीट जैसे गंभीर अपराधों के मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों के आपराधिक रिकॉर्ड की विस्तृत जांच कर रही है। पूरे मामले के खुलासे में थाना प्रभारी श्यामचन्द्र शर्मा, उपनिरीक्षक सचिन सोनगरा, उपनिरीक्षक दीपक मालवीय, सहायक उपनिरीक्षक एच.एस. गोदार, प्रधान आरक्षक हेमंत डाबी, मनोज पटेल सहित कोतवाली थाना पुलिस की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए इसे ऑपरेशन त्रिनेत्रम की एक और बड़ी सफलता बताया है।

# तीसरे दिन भी जारी रही कर्मचारियों की हड़ताल

हनुमान चालीसा का पाठ किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सतवास

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा स्वास्थ्यकर्मी अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। गुरुवार को हड़ताल का तीसरा दिन रहा। जिले के 500 से अधिक संविदा कर्मचारियों के आंदोलन से स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाएं एवं सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर ने बताया कि संघ के बैनर तले हड़ताल के तीसरे दिन मल्हार स्मृति उद्यान में कर्मचारियों ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कर भजन-कीर्तन किया। कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में सरकार से सकारात्मक निर्णय की कामना की। आंदोलन के आगामी चरण में सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया जाएगा। जिलाध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि प्रदेशभर में लगभग 32 हजार संविदा कर्मचारी स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन उनकी वर्षों पुरानी मांगों का आज तक समाधान नहीं हो पाया है। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण की घोषणा का क्रियान्वयन, राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) एवं स्वास्थ्य बीमा का लाभ, 10 प्रतिशत वार्षिक वेतन वृद्धि, महंगाई भत्ता, वेतन विसंगतियों का निराकरण, नियमित कर्मचारियों के समान अवकाश तथा समान कार्य के लिए समान वेतन एवं सुविधाएं शामिल हैं। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगों के निराकरण तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### देवास के तैराकों का जलवा, 54वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में जीते 5 पदक



**देवास।** रीवा में आयोजित 54वीं राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में जिले के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में देवास के खिलाड़ियों ने कुल 5 पदक अपने नाम कर उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में सृष्टि वर्मा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 सिल्वर पदक हासिल किए। वहीं सुदर्शन सोलंकी ने भी शानदार तैराकी का प्रदर्शन करते हुए 1 सिल्वर पदक जीतकर जिले को गौरवान्वित किया। खिलाड़ियों की इस उल्लेखनीय सफलता पर जिला तैराकी संघ के सचिव ओपी जगावत एवं कोच सौरभ कहार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत, लगन और अनुशासन का ही परिणाम है कि देवास के तैराक लगातार राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

# समीक्षा व निगरानी समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय समीक्षा एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी एवं बागली विधायक मुरली भंवरा , नगर परिषदों के अध्यक्षो सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, निगमायुक्त दलीप कुमार, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला, जिला परियोजना अधिकारी स्मिता रावल, इंदु भारती, सभी नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी, उपयंत्री, जल निगम एवं एमपीयूडीसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में जिले की नगरीय निकायों में प्रचलित अमृत 2.0 अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य (जलप्रदाय, ग्रीन स्पेस एवं वाटर बॉडी रेज्यूवेनेशन) की प्रगति की समीक्षा की गई तथा कार्यों में आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित को निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए आदेश के पालन के लिए विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा कर इसके संबंध में मासिक बैठक आयोजित करने एवं रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश दिये। बैठक में हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी एवं बागली विधायक मुरली भंवरा द्वारा जलप्रदाय के संबंध में बताई गई समस्याओं का तत्काल निराकरण के लिए एमपीयूडीसी को निर्देशित कर वर्षा ऋतु से पूर्व कार्य को पूर्ण करने हेतु कहा गया।



बैठक में उपस्थित नगर परिषद नेमावर अध्यक्ष कृष्णगोपाल अग्रवाल, कांटाफोड़ अध्यक्ष कैलाश चंद्र आमोदिया, करनावद अध्यक्ष परसराम पाटीदार, अध्यक्ष हाटपिपल्या चंद्रकांता अरुण राठौर एवं बागली अध्यक्ष सीमा कमल यादव द्वारा अपनी निकाय से संबंधित समस्याओं को कलेक्टर सिंह के समक्ष रखा गया। जिनके निराकरण के लिए उपस्थित मुख्य नगरपालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया।

### क्षिप्रा में नहीं दिखा सफाई अभियान का असर

**देवास।** मां क्षिप्रा नदी फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य राजेश बराना प्रजापति ने क्षिप्रा नदी में जल शुद्धिकरण एवं गहरीकरण कार्यों को लेकर प्रशासन के दावों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह को नदी की वर्तमान स्थिति के वीडियो दिखाते हुए बताया कि पंचायत द्वारा केवल लगभग एक घंटे तक ही सफाई कार्य किया गया।

# पटवारी अतुल पुरोहित के निलंबन पर बढ़ा विवाद संघ ने दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

तहसील कन्नौद में पदस्थ पटवारी अतुल पुरोहित के निलंबन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। प्रांतीय पटवारी संघ एवं जिला देवास इकाई ने इस कार्रवाई को विधि-विरुद्ध एवं द्वेषपूर्ण बताते हुए तत्काल बहाली की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि मांगें नहीं मानी गईं तो 8 जून से जिलेभर के पटवारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। संघ द्वारा जिला प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि बागदी नदी उत्खनन प्रकरण में पटवारी को बिना पर्याप्त सुनवाई और नियमानुसार प्रक्रिया अपनाए निलंबित किया गया।

ज्ञापन के अनुसार घटना स्थल पर संबंधित पटवारी, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे तथा घटनास्थल की तस्वीरें शासकीय व्हाट्सएप समूह में भी साझा की गई थीं।संघ ने लगाए प्रक्रिया में अनियमितता के आरोपपटवारी संघ का कहना है कि कारण बताओ सूचना पत्र (एससीएन) जारी करने की प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुईं। संघ ने आरोप लगाया कि नोटिस कथित रूप से बैक डेट में जारी किया गया तथा संबंधित कर्मचारी को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर नहीं दिया गया।



संघ ने पटवारियों पर बढ़ते कार्यभार को लेकर भी चिंता व्यक्त की है। ज्ञापन में फार्मर रजिस्ट्री, लघु सिंचाई गणना, सीमांकन, नामांतरण, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, ऑनलाइन प्रविष्टियों तथा अन्य प्रशासनिक कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि लगातार बढ़ते दायित्वों के कारण राजस्व व्यवस्था प्रभावित हो रही है। पटवारी संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 8 जून 2026 से जिले के सभी पटवारी अनिश्चितकालीन सामूहिक हड़ताल पर चले जाएंगे। संघ का कहना है कि ऐसी स्थिति में राजस्व कार्य प्रभावित होने की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए संघ ने अपना ज्ञापन मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री को भी भेजा है, ताकि प्रकरण पर उच्च स्तर पर विचार किया जा सके।

# दो पक्ष रेत के ढेर से निकालने पर भिड़े, 7 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के टोंकखुर्द में बुधवार देर शाम रेत के ढेर से निकलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। यह विवाद जल्द ही हिंसक झड़प में बदल गया, जिसमें लाठी-डंडे और पत्थर चले। घटना में एक पक्ष के छह से सात लोग घायल हो गए, जिनमें कुछ महिलाएं भी शामिल हैं। घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को अमलतास अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक पक्ष के जाहिद खान ने बताया कि उनके परिवार का शाहरुख रेत के ढेर के पास से गुजर रहा था। इसी बात पर दूसरे पक्ष के लोगों ने विवाद शुरू कर दिया और उन पर हमला कर दिया। जाहिद खान ने आरोप लगाया कि हमलावरों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से मारपीट की। इस दौरान कई वाहनों, विशेषकर बाइकों में भी तोडफ़ोड़ की गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दोनों पक्ष एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला करते दिख रहे हैं। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।



सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर विशेष प्रशिक्षण को डीआईजी ने संबोधित किया

# पुलिस का प्रशिक्षित, तकनीकी रूप से दक्ष होना आवश्यक: भसीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

आगामी सिंहस्थ-2028 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर पुलिस विभाग ने तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिला देवास में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को उज्जैन रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) नवनीत भसीन ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय देवास स्थित सभागार में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में सहभागिता कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान डीआईजी नवनीत भसीन ने सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन तथा जनसहयोग से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक है, जहां करोड़ों श्रद्धालु देश-विदेश से पहुंचते हैं। ऐसे में पुलिस बल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।उन्होंने कहा कि इतने बड़े आयोजन के सफल संचालन के लिए पुलिस बल का प्रशिक्षित, अनुशासित और तकनीकी रूप से दक्ष होना आवश्यक है। पुलिस कर्मियों को परिस्थितियों के अनुरूप त्वरित निर्णय लेने, प्रभावी समन्वय स्थापित करने तथा जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संवेदनशील व्यवहार अपनाने तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहयोगी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।




डीआईजी भसीन ने भीड़ प्रबंधन के आधुनिक तरीकों, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था की चुनौतियों और यातायात नियंत्रण की रणनीतियों पर भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यवहारिक एवं तकनीकी दोनों स्तरों पर दक्ष बनाया जा रहा है।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया, परिवीक्षाधीन आईपीएस आलोक वर्मा सहित जिला पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पुलिस बल, होमगार्ड, विशेष सशस्त्र बल तथा विशेष शाखा के कुल 62 अधिकारी एवं कर्मचारी भाग ले रहे हैं।प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सिंहस्थ मेले में उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों, सुरक्षा चुनौतियों, यातायात प्रबंधन, आपदा नियंत्रण, जनसंपर्क तथा श्रद्धालुओं की सहायता से जुड़े विषयों पर व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# अजा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित देवड़ा जिला महामंत्री बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। यह घोषणा संगठनात्मक सहमति एवं व्यापक विचार-विमर्श के बाद की गई। इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तेकाम , भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव तथा अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष टिंकी बारेला की सहमति प्रमुख रूप से रही। घोषित कार्यकारिणी में संतोष देवड़ा को जिला महामंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं समर्थकों ने संतोष देवड़ा को शुभकामनाएं एवं बधाइयाँ दीं। स्थानीय स्तर पर इस नियुक्ति को संगठन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है, जिससे आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक गतिविधियों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप



### शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नवागत बीएसए रत्नेश कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। संघ पदाधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली) जिलाध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री विनोद निरंजन के नेतृत्व में संघ का प्रतिनिधिमंडल बीएसए कार्यालय पहुंचा। पदाधिकारियों ने माल्यार्पण एवं बुके भेंट कर नवागत बीएसए रत्नेश कुमार का स्वागत किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखा। उन्होंने विशेष रूप से चयन वेतनमान से संबंधित लंबित प्रकरणों और शिक्षकों के हितों से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। बीएसए रत्नेश कुमार ने शिक्षक प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने एवं शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक एवं प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सभी शिक्षकों एवं संगठन के पदाधिकारियों का सहयोग अपेक्षित है। इस दौरान अनिल त्रिपाठी, विनय ताम्रकार, सत्येंद्र जैन, हरिश्चंद्र नामदेव, अरविंद सिंह राजपूत, विनय रजक, प्रफुल्ल जैन, राममिलन रजक, राजीव गुप्ता, जितेंद्र जैन, मनीष खरे, देवीसिंह राजपूत, संजय कुशवाहा, परशुराम निरंजन व शिक्षक एवं संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा



**ललितपुर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने पिछले छह माह से वेतन न मिलने के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि उनके समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है और परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र में बताया कि वह विभिन्न विभागों में नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन जनवरी से जून तक का वेतन अब तक नहीं मिला है। आर्थिक तंगी के बावजूद सभी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं, लेकिन लंबे समय से भुगतान लंबित रहने के कारण उनमें असंतोष बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने प्रशासन से आह्वान किया कि उनके बकाया वेतन का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। इस दौरान राजकुमार, देवी सिंह, बब्लेश, सुरेन्द्र, वीरू अहिरवार, पवन लाल, संजय सहित विभिन्न विभागों के अन्य आउटसोर्सिंग कर्मचारी शामिल रहे।

### क्योलारी बांध के पास वृद्ध किसान से मारपीट

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्र के ग्राम खटौरा में भैंस चराने गए एक वृद्ध किसान के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम खटौरा निवासी रामसरूप लोधी पुत्र कमतू लोधी 24 मई की शाम करीब 6 बजे क्योलारी बांध के समीप अपनी भैंसें चरा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही पप्पू लोधी, धीरज, सोनू तथा खिलान सिंह वहां पहुंचे और भैंस चराने को लेकर विवाद कर पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। वृद्ध किसान को चोटें आईं।

### बाल्मीकि समाज की बेरोजगार महिलाओं को रोजगार देने की मांग

# कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बाल्मीकि समाज की बेरोजगार एवं आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग को लेकर उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ ने नगर पालिका परिषद में आउटसोर्सिंग के माध्यम से होने वाली सफाई कर्मचारियों की भर्ती में इन महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर नियुक्त किए जाने की मांग की है।

उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के कार्यकारी प्रान्तीय अध्यक्ष मंजीत करौसिया के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि वाल्मीकि समाज की बड़ी संख्या में महिलाएं वर्षों से बेरोजगारी की समस्या से जूझ रही हैं। रोजगार के अभाव में उनके परिवारों के समक्ष आर्थिक संकट गहराता जा रहा है और जीवनयापन करना कठिन हो गया है। ऐसे में यदि नगर पालिका प्रशासन सफाई व्यवस्था के लिए आउटसोर्सिंग के माध्यम से कर्मचारियों की नियुक्ति करता है तो इन महिलाओं को रोजगार का अवसर प्रदान कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा सकता है। ज्ञापन में कहा गया है कि समाज की अधिकांश महिलाएं गरीब एवं श्रमिक परिवारों से संबंधित हैं।

नियमित आय का कोई साधन न होने के कारण उन्हें परिवार के भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा तथा दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रोजगार मिलने से न केवल इन परिवारों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी बल्कि नगर की सफाई व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। संघ द्वारा जिलाधिकारी को एक विस्तृत सूची भी सौंपी गई, जिसमें बड़ी संख्या में बेरोजगार महिलाओं एवं उनके परिवारों के नाम दर्ज हैं। इन सभी ने रोजगार उपलब्ध कराए जाने की मांग का समर्थन किया है। ज्ञापन में प्रशासन से आह्वान किया कि नगर पालिका में होने वाली आउटसोर्सिंग भर्ती प्रक्रिया में इन महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए शीघ्र नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। कार्यकारी प्रान्तीय अध्यक्ष मंजीत करोसिया ने कहा कि वाल्मीकि समाज की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए सकारात्मक कार्रवाई करने की अपील की। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के कार्यकारी प्रान्तीय अध्यक्ष मंजीत करौसिया, बृजेश बाल्मीकि, नरेंद्र अहरिया, राहुल घावरी, पुष्पेन्द्र घावरी, विक्की वाल्मीकि के अलावा अनीता, नेहा, आरती, पूनम, बेबी, कंचन, कल्पना, प्रभा, सपना, राधा, काजल, रीमा, अंगूरी, रीतू, ज्योति, कमल, किरन, क्रांति, पिंकी, बीरू, वंदना, रंजीत, सरोज, दीपक, पूजा, राहुल, सरोज, आनंद, लाली, विमल, नेहा, रोहित, देव, सोनिया, शिवानी, गिरिलाल, एशोसिया, सौरव, पूना, मनोज, बन्दना, देवेन्द्र, कविता, बिहारी, अर्चना, संजय, मंजू के अलावा पिंकी, रीना, कपिल, उर्मिला, विक्रम, अर्चना, शाहीन, कृती, योगेश, आरती, संजय, हेमा, राजकिशोर, काजल, विरू, विद्या, विनोद, रेखा, चंडी, भारती, स्व. प्रेम, रेखा, जयनारायण, रिंकू, विजय, काजल, नरेश, सीमा, मनोज, खुशबू, जितेन्द्र, बबली, शिवराम, संविता, विनोद, अर्चना, तमन्ना, मोहित, कुमकुम, सतीश, धीरज, बाबू, कंचन, राजू, भानू, संजो, आरती, यशपाल, रंजीता, नरेश, काजल, अभिषेक, नेहा, देवेन्द्र, सोनाली, नानीक, नीका, राजेश, गीता, स्व. शैलेश, नेहा, गजोव, पिंकी, दिनेश, कविता, अभिलाषा, अरूणा, धीरेंद्र, विनीता, विमलेश, सुधमा, राजकुँअर, नीतू, अरविंद, काजल, शिवा, अंजली, हरी, अस्सना, धर्मेन्द्र, प्रीती, जीतेंद्र, बबली, रामबाबू, सुक्खा, रेशमा, मोसाम, अंजू, सुनील, रेखा, संजय, लता रानी, अरूण, रानी, भूपेन्द्र, शिवानी, धर्मेन्द्र, सोमा, समीर, बबीता, श्वेता आदि महिलाओं के नाम इस रोजगार की मांग में प्रमुखता से शामिल हैं।

### जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा

## दबंगों पर किसानों की भूमि कब्जाने का आरोप जड़ा न्याय न मिलने पर आत्मदाह,अनशन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्राम मिर्चवारा के गरीब किसानों ने अपनी पुश्तैनी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है। पीड़ित किसानों का कहना है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई कर उनकी भूमि वापस नहीं दिलाई तो वे आत्मदाह करने और घंटाघर पर अनिश्चितकालीन अनशन करने के लिए विवश होंगे। ग्राम मिर्चवारा निवासी हरप्रसाद, हजारीलाल एवं उजवक पुत्रगण जुज्जे ने आरोप लगाया है कि उनकी संक्रमणीय भूमिधारी कृषि भूमि, जो मुख्य मार्ग से लगी हुई है और राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज है, पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा दबंगई के बल पर अवैध कब्जा कर लिया गया है।

किसानों का कहना है कि संबंधित भूमि पर उनका वर्षों से कब्जा एवं खेती रही है, लेकिन अब उन्हें उनकी ही जमीन से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित किसानों ने बताया कि जब उन्होंने अपनी भूमि खाली करने की बात कही तो उन्हें धमकाया गया तथा जान-माल की हानि पहुंचाने की चेतावनी दी गई। किसानों का आरोप है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव के कारण उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है, जिससे पूरा परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान है। किसानों ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा अवैध कब्जा नहीं हटवाया गया और उनकी भूमि वापस नहीं दिलाई गई तो वे आत्मदाह जैसा कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मामले में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने भी किसानों का समर्थन किया है।

महासभा के पदाधिकारियों ने प्रशासन से तत्काल निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। संगठन का कहना है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो जिले के किसान एवं समाज के लोग एकजुट होकर ललितपुर घंटाघर पर धरना-प्रदर्शन एवं अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे। शिकायती पत्र में प्रदेश सचिव भजनलाल, जिलाध्यक्ष सुखलाल कुशवाहा, जिला सचिव गजेन्द्र कुशवाहा, कोषाध्यक्ष डब्बू, उपाध्यक्ष बिंदादीन कुशवाहा सहित कई ग्रामीणों और किसानों के हस्ताक्षर दर्ज हैं। किसानों को अब जिला प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार है।

## पुलिस ने तीन खोए मोबाइल बरामद कर वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ तालबेहट आशीष मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना तालबेहट पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए तीन खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए। थाना तालबेहट की साइबर हेल्प डेस्क पर नागरिकों द्वारा खोए एवं गुम हुए मोबाइल फोन के संबंध में प्रार्थना पत्र दिए गए थे। प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार गुमशुदगी दर्ज कर थाना की साइबर टीम ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। पीड़ितों द्वारा उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल पर मोबाइल फोन की जानकारी अपलोड कर उनके आईएमईआई नंबरों को ट्रैकिंग के लिए सक्रिय कराया गया। साइबर टीम द्वारा विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त डेटा का गहन विश्लेषण एवं तकनीकी जांच की गई, जिसके आधार पर तीन खोए हुए मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई। बरामद मोबाइल फोन विभिन्न कंपनियों के हैं, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 32 हजार रुपये बताई गई है। मोबाइल वापस मिलने पर संबंधित स्वामियों ने खुशी व्यक्त करते हुए ललितपुर व तालबेहट पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल फोन खोने की स्थिति में तत्काल संबंधित थाने अथवा साइबर हेल्प डेस्क पर सूचना दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### जीएसटी पर व्यापारी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया

## जीएसटी पंजीकरण व योजनाओं की जानकारी दी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारियों को जीएसटी प्रणाली के प्रति जागरूक करने एवं कर आधार के विस्तार के उद्देश्य से आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में जीएसटी पंजीकरण, नवीन रिटर्न प्रक्रिया तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन 3 जून 2026 को झांसी रोड स्थित एक होटल में किया गया।

अध्यक्षता उपयुक्त राज्य कर हीरालाल जायसवाल ने की। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य राजस्व वृद्धि के साथ-साथ व्यापारियों में जीएसटी व्यवस्था के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। उन्होंने अपंजीकृत व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण के लिए प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, व्यापारियों, कर अधिवक्ताओं एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को बताया गया कि जीएसटी में पंजीकरण कराने वाले व्यापारियों को 10 लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा योजना का निशुल्क लाभ प्राप्त हो सकता है।

साथ ही जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा नवीन जीएसटी रिटर्न प्रणाली की बारीकियों से भी अवगत कराया गया। उपयुक्त राज्य कर ने उपस्थित अधिकारियों एवं व्यापारिक संगठनों से अनुरोध किया कि वह अधिक से अधिक अपंजीकृत व्यापारियों को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए जागरूक करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि विभाग व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। बैठक में राज्य कर विभाग की ओर से सहायक आयुक्त आशीष शर्मा, रामकुमार यादव, राज्य कर अधिकारी तेजप्रताप सिंह, अजय कुमार, अनुज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके अलावा व्यापारियों में महेंद्र मयूर, सुरेश बड़ेरा, अनिल जैन, शैलेन्द्र जैन, संजीव जैन सीए, विकास ओसवाल सीए, सुरेशबाबू जैन, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, सत्यम विश्वकर्मा, सोमनाथ विश्वकर्मा, मुकेश साहू, सतेन्द्र जैन, अजय अलया, अंकित जैन, गजेन्द्र नायक तथा दिवाकर शर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, अधिवक्ता एवं कार्यालय कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एड. शैलेन्द्र जैन वीटू प्रदेश उपाध्यक्ष उ.प्र.कर अधिवक्ता संगठन लखनऊ द्वारा किया गया।

## सूर्या चौहान हत्याकांड के दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय बजरंग दल (अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद) ने गाजियाबाद में हुए चर्चित सूर्या चौहान हत्याकांड के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपकर दोषियों एवं षड्यंत्रकारियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की है। जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि ईद के दिन हुई सूर्या चौहान की निर्मम हत्या ने पूरे समाज को आक्रोशित और व्यथित कर दिया है।

संगठन ने इस घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कहा कि मामले में शामिल सभी आरोपियों और पर्दे के पीछे से साजिश रचने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। ज्ञापन में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा मामले में की गई त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा गया कि शेष आरोपियों की गिरफ्तारी एवं उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की जघन्य घटना को अंजाम देने का साहस न कर सके। संगठन ने पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग भी उठाई। इस दौरान जिलाध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष अंकुश राजवंश, मीडिया प्रभारी शुभम सेन, मंत्री सचिन विश्वकर्मा, नगर मंत्री अजय गौतम, विशाल साहू, अजय, पीयूष कश्यप, शीलचंद्र कुशवाहा, मिथुन, राहुल सहित राष्ट्रीय बजरंग दल के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बुंदेलखंड की प्राकृतिक विरासत को बचाने पहल

## सौ विरासत वट वृक्ष दस्तावेजीकरण अभियान शुरू

**ललितपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर, बुंदेलखंड क्षेत्र की प्राचीन प्राकृतिक धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। भारतीय जैव विविधता संरक्षण संस्थान, झांसी और मानव ऑर्गेनाइजेशन ने संयुक्त रूप से बुंदेलखंड के 100 विरासत वट वृक्ष दस्तावेजीकरण अभियान का शुभारंभ किया है। विलुप्त हो रही प्राकृतिक धरोहर पर चिंता आयोजकों ने बताया कि तेजी से होते शहरीकरण, विकास कार्यों और बदलते पर्यावरणीय परिदृश्यों के कारण बुंदेलखंड के अनेक प्राचीन एवं ऐतिहासिक वट वृक्ष (बरगद) अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। यदि इन अमूल्य



प्राकृतिक धरोहरों का समय रहते अभिलेखीकरण नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियां इनके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व से पूरी तरह वंचित हो जाएंगी। इसी चिंता को दूर करने और वट वृक्ष के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यह विशेष जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है। जन-सहभागिता से बनेगा इतिहास इस अभियान को सफल बनाने के लिए आम नागरिकों से सक्रिय सहयोग की अपील की गई है। कोई भी व्यक्ति अपने आसपास स्थित प्राचीन वट वृक्ष की जानकारी भारतीय जैव विविधता संरक्षण संस्थान और मानव ऑर्गेनाइजेशन को भेज सकता है। जानकारी भेजने के लिए स्थान, वृक्ष का गांव, नगर या शहर। लोकेशन जी.पी.एस.लोकेशन या गूगल मैप लिंक। विवरण वृक्ष का स्पष्ट फोटो, अनुमानित आयु और उससे जुड़ी कोई विशेष ऐतिहासिक, सांस्कृतिक या स्थानीय मान्यता।

### जिला अस्पताल में पुलिस ने कार्रवाई की

## प्रसव के बाद महिला की इलाज के दौरान मौत

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम भडराउ निवासी एक महिला की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी भेज दिया। मामले में सोशल मीडिया एवं क्षेत्र में पति द्वारा मारपीट कर हत्या किए जाने की चर्चाओं के बीच पुलिस ने प्रारंभिक जांच में ऐसे आरोपों को निराधार बताया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका ने लगभग तीन वर्ष पूर्व गांव के ही एक युवक के साथ प्रेम विवाह किया था। महिला गर्भवती थी और प्रसव पीड़ा होने



पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) महरौनी में भर्ती कराया गया था। वहां चिकित्सकों की निगरानी में प्रसव कराया गया, लेकिन डिलीवरी के बाद नवजात शिशु को मृत घोषित कर दिया गया। बताया गया कि प्रसव के बाद महिला की तबीयत लगातार बिगडऩे लगी, जिसके चलते चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल ललितपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी महरौनी ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में पति द्वारा मारपीट कर हत्या किए जाने संबंधी आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है और ऐसे आरोप फिलहाल निराधार पाए गए हैं। सीओ का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, एक गंभीर घायल

**ललितपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर रामनगर चौराहे के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घायल को प्राथमिक उपचार के उपरांत झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीती 25 मई की सुबह करीब 6.40 बजे खिरकापुरा निवासी टिंकू कुशवाहा एवं जितेन्द्र अहिरवार सुरई घाट स्थित खेत से मोटरसाइकिल द्वारा अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह रामनगर चौराहे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने टिंकू कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया। बाद में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल जितेन्द्र अहिरवार का जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया,हालत नाजुक होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मृतक के भाई रवि कुशवाहा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### मरीज प्रतीक्षालय शेड का लोकार्पण किया गया

## मेडिकल कॉलेज में श्रवण रोगों की जांच बीईआरए मशीन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए श्रवण रोगों की उन्नत जांच के लिए ब्रेनस्टेम इवोक्ड रिस्पॉन्स ऑडियोमेट्री मशीन का शुभारंभ किया गया। साथ ही स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के पी.पी.सी. केन्द्र में निर्मित मरीज प्रतीक्षालय शेड का लोकार्पण भी संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने फीता काटकर किया। विधायक ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होना जिले की जनता के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी और उन्हें जांच एवं उपचार के लिए



अन्य शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा बताया गया कि बीईआरए मशीन के माध्यम से बहरेपन एवं श्रवण क्षमता में कमी की सटीक जांच की जा सकेगी। यह जांच विशेष रूप से नवजात शिशुओं, बच्चों तथा जन्मजात मूक-बधिर व्यक्तियों की श्रवण क्षमता के मूल्यांकन में अत्यंत उपयोगी है। मशीन के जरिए श्रवण तंत्रिका एवं मस्तिष्क तक पहुंचने वाले ध्वनि संकेतों का परीक्षण किया जाता है, जिससे सुनने की नस में किसी प्रकार की कमजोरी या विकार का पता लगाया जा सकता है। चिकित्सकों के अनुसार यह जांच दिव्यांगता प्रमाणपत्र हेतु श्रवण अक्षमता के आकलन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बीईआरए मशीन की स्थापना से ललितपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को अत्याधुनिक जांच सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। इस दौरान पीपीसी केन्द्र में निर्मित मरीज प्रतीक्षालय शेड का भी लोकार्पण किया गया। इस शेड के निर्माण से अस्पताल आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को प्रतीक्षा के दौरान धूप, वर्षा एवं अन्य मौसमीय परिस्थितियों से राहत मिलेगी। अस्पताल प्रशासन ने इसे मरीजों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डा.मयंक कुमार शुक्ला, उप-प्रधानाचार्य डा.श्रुति सिंह, सीडीओ शेषनाथ सिंह, सीएमएस डा.गजेन्द्र सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डा.नम्रता द्विवेदी, सहायक आचार्य डा.श्रद्धा गुप्ता सहित चिकित्सकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### राजगढ़ जिले के जीरापुर क्षेत्र के ग्राम लाल्याखेड़ी का मामला

# नातरा झगड़ा प्रथा का विवाद सुलझाने गए परिवार पर हमला, 9 लोगों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

राजगढ़ जिले में नातरा झगड़ा प्रथा अभी भी थमने का नाम नहीं ले रही है, प्रशासन और लाल चुनर जैसे संगठनों के लाख प्रयास करने के बाद भी लोगों के मानसिकता बदलने का नाम नहीं ले रही है। ऐसा ही एक मामला राजगढ़ जिले के जीरापुर क्षेत्र के ग्राम लाल्याखेड़ी का सामने आया है, जहां पर विगत दिवस सोमवार को नातरा झगड़ा जैसी कुप्रथा के विवाद को सुलझाने की कोशिश खूनी संघर्ष में बदल गई। इस मामले में गांव के शासकीय स्कूल के पास हुई मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में पूर्व सरपंच समेत 9 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।




**गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया**

#### 'यह है पूरा मामला'

ग्राम महाराजपुरा निवासी 55 वर्षीय बापूलाल दांगी ने दर्ज कराई रिपोर्ट अनुसार छोटे भाई फतेसिंह दांगी के बेटे कमल की शादी 2024 में दौलतपुरा निवासी भंवरलाल दांगी की बेटी किरण से हुई थी। लड़की पक्ष द्वारा कोर्ट केस करने के बाद से दोनों परिवारों में तनाव था। 2 जून 2026 को दोपहर करीब 2:30 बजे दोनों पक्ष समझौते के लिए लाल्याखेड़ी के शासकीय स्कूल के पास मिले। आरोप है कि चर्चा के दौरान दौलतपुरा पक्ष के पूर्व सरपंच रामनारायण दांगी ने गाली-गलौज शुरू कर दी।

#### 'पथराव और लाठी-डंडे चले'

रिपोर्ट के मुताबिक, रामनारायण दांगी ने पत्थर से हमला किया जिससे फतेसिंह के हाथ और पीठ में चोट आई। बीच-बचाव करने आए रामप्रसाद के सिर पर विष्णु दांगी ने लाठी मारी। भंवरलाल, चैथमल, देवीसिंह और अन्य आरोपियों ने भी लाठी-डंडों से मारपीट की। हमलावरों ने फरियादी की कार में भी तोड़फोड़ कर धमकी दी कि अब कभी समझौते की बात की तो जान से खत्म कर देंगे।

#### 'पुलिस कार्रवाई'

थाना प्रभारी हुकमचंद मीणा ने बताया कि अपराध क्रमांक 185/2026 पर धारा 190, 191(2), 296(बी), 115(2), 351(3), 324(2), 3(5)बीएनएस के तहत प्रकरण में आरोपी रामनारायण दांगी, भंवरलाल दांगी, चैथमल दांगी, देवसिंह दांगी, सुरेश दांगी, राधेश्याम दांगी, बीरम दांगी, विष्णु दांगी, जगदीश दांगी निवासी दौलतपुरा थाना जीरापुर के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश

# नवीन बस स्टैंड पर डामरीकरण कार्य का एसडीएम ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर के नवीन बस स्टैंड पर चल रहे डामरीकरण। कार्य का बुधवार को अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) रोहित बम्होरे ने निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज गौतम टेटवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बम्होरे ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी, निकाय उपयंत्री एवं संबंधित ठेकेदार को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए तथा कार्य समयसीमा में पूर्ण किया जाए। एसडीएम बम्होरे ने कहा कि जनहित एवं क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर सड़क और आधारभूत सुविधाओं का निर्माण मध्यप्रदेश शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बस स्टैंड पर किया जा रहा यह डामरीकरण कार्य महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज गौतम टेटवाल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार क्षेत्र के विकास और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जैविक प्राकृतिक उद्यानिकी एवं औषधीय कृषि प्रशिक्षण संपन्न, जिलेभर के किसान हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

जैविक कृषि को बढ़ावा देने तथा किसानों को आधुनिक एवं लाभकारी खेती की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से बुधवार को खुजनेर नगर में जैविक प्राकृतिक उद्यानिकी एवं औषधीय कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जैविक कृषक जिला टोली राजगढ़ द्वारा नगर परिषद सभागार में किया गया, जिसमें जिलेभर से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में जैविक प्राकृतिक खेती, उद्यानिकी फसलों तथा संतरा, पपीता सहित विभिन्न औषधीय पौधों की खेती से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तृत जानकारी दी। किसानों को जैविक खेती की उन्नत तकनीकों, कृषि क्षेत्र में नवाचारों तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विधायक






अमरसिंह यादव, जिला कृषि विस्तार अधिकारी (उद्यानिकी), जिला विस्तार अधिकारी एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने किसानों को संबोधित करते हुए जैविक खेती अपनाने के लाभ बताए साथ ही जैविक, उद्यानिकी एवं औषधीय खेती कर रहे प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा कर अन्य किसानों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई प्रशिक्षण के पश्चात सभी प्रतिभागियों के लिए चाय एवं अल्पाहार की व्यवस्था भी की गईं कार्यक्रम का संचालन ग्राम विकास विभाग संयोजक गजराजसिंह राजपूत ने किया। आयोजकों ने किसानों से जैविक खेती की तकनीकों को अपनाकर स्वस्थ कृषि व्यवस्था के निर्माण एवं पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की बात कही है।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष केदार काका गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज शर्मा, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सतीश बेस, कृषि विस्तार अधिकारी सचिन जैन, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक सुरेंद्र कोशीष, लालसिंह, उद्यानिकी विभाग के ब्लॉक अधिकारी राहुल पाटीदार पशुपालन विभाग रामभरत सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# निर्माण कर्मकार हितग्राहियों के लिए आईआईटी में निःशुल्क रहवासी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा भवन एवं मान्यता निर्माण कर्मकार मंडल के पंजीकृत हितग्राहियों के आश्रितों हेतु क्रिप्स द्वारा संचालित श्रमोदय आदर्श आईआईटी में निशुल्क रहवासी प्रशिक्षण प्राप्त करने का शासन द्वारा आदेश दिया गया है। जिसमें विभिन्न ट्रेड कोर्स की शिक्षा प्राप्त करने हेतु निर्माण श्रमिक के बच्चे भोपाल पढ़ाई में भाग ले सकते हैं। इस संबंध में लेबर इंस्पेक्टर मनोज चैहान , ट्रेनिंग ऑफिसर गौरव मित्तल द्वारा नगर परिषद कार्यालय में मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवनारायण दांगी को जानकारी दी गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी दांगी द्वारा नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे जो आईआईटी के कोर्स करना चाहते हैं उनको भोपाल रहवासी हॉस्टल में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा ऐसे में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सके।



### अनुसूचित जाति छात्रावासों के लिए भवन मालिकों से 10 जून तक आवेदन आमंत्रित

**ब्यावरा।** जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित 50 सीटर अनुसूचित जाति के छात्रावास किराए के भवनों में संचालन किया जाएगा। इस संबंध में जिला संयोजक अनुसूचित जाति कल्याण विभाग निशा जैन द्वारा बताया कि भवन मालिकों से 10 जून 2026 तक सायं 6 बजे सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। साथ ही विभाग द्वारा 50-50 सीट क्षमता वाले तीन छात्रावासों के संचालन के लिए भवनों की आवश्यकता है। इनमें उत्कृष्ट बालक अनुसूचित जाति छात्रावास ब्यावरा, बालक अनुसूचित जाति छात्रावास माचलपुर तथा बालक अनुसूचित जाति छात्रावास लीमा चौहान शामिल हैं।

# आरोह समर कैंप का समापन, बच्चों को किया गया किटों का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित आरोह समर कैंप का समापन समारोह उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर संभागीय खेल अधिकारी शर्मिला डाबर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए खेलों के महत्व, अनुशासन एवं स्वस्थ जीवनशैली के बारे में प्रेरणादायक संदेश दिया। आरोह समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है। समापन समारोह में कैंप के दौरान विभिन्न खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया गया तथा उन्हें खेल सामग्री एवं किट का वितरण किया गया। किट प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। बच्चों ने कैंप के दौरान सीखे गए कौशलों का प्रदर्शन भी किया, जिसकी उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहना की।

संभागीय खेल अधिकारी श्रीमती डाबर ने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जुड़े रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। पूरे समारोह का वातावरण उत्साह, ऊर्जा एवं बच्चों की खुशियों से सराबोर रहा।

### श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण के लिए प्रवेश प्रारंभ

**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के बालक - बालिकाओं के लिए भोपाल स्थित श्रमोदय आदर्श आईटीआई में वर्ष 2026-27 के प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। संस्थान में विद्यार्थियों को निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकें। संस्थान में प्रवेश के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून, 2026 तक ऑनलाइन पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपने नजदीकी कियोस्क सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। श्रमोदय आदर्श आईटीआई, भोपाल भारत सरकार से एनसीवीटी मान्यता प्राप्त संस्था है, जहां 8वीं एवं 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए विभिन्न तकनीकी एवं आधुनिक ट्रेड संचालित किए जाते हैं। इनमें इलेक्ट्रीशियन, टेक्नीशियन मेकाट्रोनिक्स, एडवांस सीएनसी मशीनिंग टेक्नीशियन जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम शामिल हैं।

# व्यावसायिक उपयोग में पाए जाने पर 08 घरेलू गैस सिलेंडर किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग एवं व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय के निर्देशन में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आशीष चतुर्वेदी, इंदू शर्मा एवं वर्षा बड़ोनिया शामिल रहीं। टीम ने जैन श्री भोजनालय, आनंद भोजनालय, अश्विनी अमृत तुल्य चाय सेंटर, सोनम चिकन बिरयानी सेंटर, केजीएन चिकन बिरयानी सेंटर, राजा चिकन बिरयानी सेंटर सहित कई प्रतिष्ठानों की जांच की। जांच के दौरान कई स्थानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए कुल 08 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इसके साथ ही स्टेशन रोड क्षेत्र सहित अन्य होटल, भोजनालय एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की भी जांच की गई।निरीक्षण के दौरान संचालकों को केवल व्यावसायिक गैस सिलेंडर के उपयोग के निर्देश दिए गए तथा पीएनजी (PNG) कनेक्शन अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई है।जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पाण्डेय ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग, जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।



### जल सेवा का कार्य किया जा रहा है नियमित



**गुना।** आज जब गर्मी ने अपना रुप बदल लिया है और मौसम में नौ तपा समाप्त होते ही गर्मी बढ़ गई है वहीं दोनों साबरमती तथा ग्वालियर बीना पैसैन्जर ट्रेन पर स्काउट गाइड के कार्यकर्ताओं ने यात्रियों को शीतल जल पिलाया। इस कार्य में प्रमोद भार्गव हमीरपुर, सुनील रघुवंशी पचलाना, प्रद्युम्न शर्मा, अंबरीष कस्तवार, रवि पलिया, सुरेन्द्र शर्मा , उमाशंकर भार्गव तथा अमित उपाध्याय ने अपना सहयोग प्रदान किया। बर्फ की व्यवस्था निशुल्क सुनील बर्फ फैक्ट्री मालिक अशोक अवस्थी ने की।

# पुरुषोत्तम मास में बढ़ी धार्मिक आस्था, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में महिला मंडल ने किए भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार पुरुषोत्तम मास का विशेष महत्व है। इस पवित्र माह में माताओं-बहनों की धर्म के प्रति आस्था और बढ़ जाती है। इस दौरान महिलाएं प्रतिदिन नए-नए धार्मिक आयोजन करती हैं और ईश्वर को विभिन्न वस्तुएं समर्पित कर पुण्य लाभ अर्जित करती हैं। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर नगर के पुलिस थाना परिसर स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में फेमस महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने भक्ति भाव से भजन-कीर्तन कर भगवान की आराधना की और पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। महिलाएं पूरे माह भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान भक्ति में लीन रहकर धार्मिक अनुष्ठान का धर्म लाभ लेती हैं।



# गुना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: कुम्भराज में रंगदारी व जानलेवा हमले के मामले में चार फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कुम्भराज थाना क्षेत्र में रंगदारी दिखाकर जानलेवा हमला एवं तोड़फोड़ के गंभीर मामले में गुना पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करते हुए फरार चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 29 मई 2026 की रात फरियादी रोहित मीना अपने साथी के साथ ट्रैक्टर से गांव लौट रहा था, तभी साहू मोहल्ला क्षेत्र में कुछ आरोपियों ने ट्रैक्टर रोककर स्वयं को क्षेत्र का गुंडा बताते हुए पैसों की मांग की। विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड, लुहांगी एवं लाठियों से हमला कर दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान ट्रैक्टर में भी तोड़फोड़ की गई। फरियादी की रिपोर्ट पर कुम्भराज थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने तकनीकी एवं मुखबिर तंत्र की मदद से फरार आरोपियों की तलाश की। इसी क्रम में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था, जबकि तीन आरोपी भोपाल रेलवे स्टेशन से बेंगलुरु भागने की फिराक में थे, जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया।गिरफ्तार आरोपियों में सोहेल खान, अरुण उर्फ अंटया अहिरवार, शिवम साहू एवं विवेक खटीक शामिल हैं। सभी को वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में गुंडागर्दी, रंगदारी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज त्यागी सहित पुलिस टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

